

# टिंबर मार्केट में लगी आग, 4 घायल

## फायर ब्रिगेड ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 दिसंबर. भारत टाकीज के पास पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट में शनिवार की सुबह आग लग गई. इस हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया. मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. हादसे के चलते लाखों के नुकसान की जानकारी सामने आ रही है.**

मिली जानकारी के अनुसार भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 6 की तरफ फर्नीचर मार्केट में हादसा हुआ है.

आग लगने से आरा मशीन और आसपास पर बनी दीवारें चपेट में आ गई. घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को मौके पर दी गई. बैरागढ़, फतेहगढ़, कबाड़खाना, माता मंदिर, कोलार फायर स्टेशन के साथ ही भेल, पुलिस के 22 दमकल वाहन आग बुझाने के लिए पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. स्थानीय लोगों के अनुसार इस टिंबर मार्केट में 100 से ज्यादा आरा मशीनें हैं. एक आरा मशीन में औसत 20 टन लकड़ियां होती हैं. इस टिंबर मार्केट में वर्ष 2016 में ऐसी ही भीषण आग लगी थी, तीन आराम मशीनों में लगी आग 36 दमकलों ने 4 घंटे में बुझाई थी.

### एक माह में यह दूसरी घटना

शानिवार को हुए हादसे के दौरान अगर लकड़ियों में आग लगती तो इलाके में बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ जाती. मशीनों में आग लगने से आग ज्याद दूर तक नहीं फैल सकी. फायर ब्रिगेड की टीम ने सावधानी के आग को बुझा लिया. आग लगने की घटना की जांच भी शुरू कर दी गई है. बता दें कि करीब एक माह में यह दूसरी घटना है, जब इस मार्केट में आग लगी. बीते 9 नवंबर को देर रात यहां आग लगने का हादसा हुआ था. आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड टीम को 3 से 4 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी थी. शनिवार को आग लगने के हादसे को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं.

# 31 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे, कांपा प्रदेश



**भोपाल,27 दिसंबर. मध्यप्रदेश में सर्दी ने अपने तेवर और तीखे कर लिए हैं.**

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के असर से प्रदेश के 31 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है. प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी एक बार फिर सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है, जहां तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है. लगातार बढ़ती ठंड और घने कोहरे के कारण आम जनजीवन के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा, लेकिन कई जिलों में शीत लहर का प्रभाव रहा. भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर, गिरवर, कल्याणपुर और मंदसौर जिलों में सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है.

> घने कोहरे का असर रेल यातायात पर भी साफ नजर आ रहा है. राजधानी, झेलम, मालवा सहित कई प्रमुख ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं. इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में ट्रफ और उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम के सक्रिय होने से ठंड का असर और बढ़ गया है.

### कोलार क्षेत्र में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**भोपाल.** कोलार इलाके में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. शनिवार को मृतक जब अपने तीन दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया. इसके बाद कार से सभी अपने निवास की तरफ जा रहे थे. तभी युवक के सीने में तेज दर्द उठा. मृतक के साथ उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है. 24 वर्षीय मृतक ईशान दुबे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था. शनिवार को वह अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए पहुंचा था. ईशान जब अपने घर नेहरू नगर की तरफ से कार में बैठ कर जा रहा था, तभी उसके सीने में तेज दर्द उठा था.

# सावधान! एपीके फाइल नहीं खोलें

## साइबर धोखाधड़ी से बचें

### स्कैम ऐप को लेकर साइबर क्राइम पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**भोपाल, 27 दिसंबर. साइबर क्राइम पुलिस ने स्कैम ऐप को लेकर एडवाइजरी जारी की है. लोग साइबर धोखाधड़ी से बच सकें. इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है.**

### स्कैम ऐप या .एपीके फाइल क्या हैं?

यह ऐप द्वारा आपके मोबाइल को हैक कर सकती हैं, बैंक लॉगिन विवरण, एसएमएस और ओटीपी आदि जानकारी चुराकर खाते से पैसों की चोरी कर जा सकते हैं.

### सुरक्षित रहने के लिए क्या करें-

- ईमेल, मेसेज या वाट्सअप के जरिये प्राप्त अज्ञात फाइलों को कभी भी डाउनलोड न करें.
- एपीके फाइल भेजने वाले की पहचान करें और संदिग्ध होने पर उसकी रिपोर्ट एवं ब्लॉक करें.
- अपने फोन पर 'इंस्टाल अननोन एप्स/ सोर्स' सुविधा को अक्षम रखें.
- बैंक खातें से संबंधित जानकारी, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें.
- किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें.

फर्जी .एपीके फाइल इंस्टाल कर लिया है तो तत्काल ये करें- मोबाइल का इंटरनेट बंद करें.

बैंक को सूचित करें और पासवर्ड बदलें. जीमेल आईडी का पासवर्ड बदलें व टू स्टेप वेरिफेकशन आन व्हाट्सएप पर लिंक डिवाइसेस की चेक कर अंजान डिवाइस को लॉग-आउट करें.

# युवक कांग्रेस भोपाल ग्रामीण ने किया प्रदर्शन

## उन्नाव के दुष्कर्म मामले के आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 दिसंबर. युवक कांग्रेस भोपाल ग्रामीण ने शनिवार को उन्नाव दुष्कर्म मामले में आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.**

उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह की अगुवाई में आरोपी का पुतला दहन कर विरोध किया गया. इस मौके पर मांग की गई कि अगर ऐसे दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए.

> प्रिंस ने कहा कि ऐसे आरोपी खुले आम सड़कों पर घूम रहे हैं और उन्नाव पीड़िता का परिवार न्याय की गुहार लगाने के लिए दर-दर भटक रहा है. परिवार न्याय मांगने जाता है तो उन्हें सड़कों पर घसीटा जाता है. सरकार लगातार बलात्कारियों को संरक्षण देने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ कोई असमाजिक घटना न हो. इसके लिए प्रशासन और सरकार को चेताया जा रहा है. इस प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष विचार विभाग अखिलेश यादव, किशन सिंह एवं युवा कांग्रेस ग्रामीण के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



### रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं

**भोपाल.** शहर के मैदामिल रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी होने के चलते देर रात को राहगीरों को अंधेरे में आवागमन करना होता है. क्षेत्र में अंधेरे के चलते असमाजिक तत्वों के सक्रिय होने की भी आंशका बनी होती है.

### कंपनी में कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**भोपाल.** कोहेफिजा थाना इलाके में एक कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. शनिवार को कंपनी के कर्मचारियों ने मृतक के बारे में पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक संतोष सोनी (50) इलाके में संचालित एक शराब कंपनी में काम करता था. संतोष अक्सर रात के समय कंपनी के ही एक कमरे में सो जाता था. शुक्रवार की देर रात वह खाना खाकर सोया था. सुबह के समय जब साथी कर्मचारियों ने उसे उठाने का लगातार प्रयास किया, तो वह नहीं उठा. संतोष के शरीर में कोई भी हलचल नहीं होने से साथियों ने पुलिस को तुरंत ही सूचना दी.

# बीयू ने जीता बैडमिंटन स्पर्धा का खिताब

**भोपाल, 27 दिसंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत भोपाल स्थित शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में संभागीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.**



26 और 27 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले गए. पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वी न स कॉलेज से खिताब अपने नाम किया. इससे पहले सेमीफाइनल में वीनस महाविद्यालय और एवीएम महाविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें वीनस महाविद्यालय ने एवीएम महाविद्यालय को 27- 18, 20-21 के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं दूसरे समय फाइनल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के खिलाड़ी के बीच मुकाबला हुआ जिसमें विश्वविद्यालय खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल मुकाबले में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का सामना वीनस कॉलेज भोपाल से हुआ, जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने तीन सेटों में किताब अपने नाम किया और वीनस कॉलेज उपविजेता रहा. प्रतियोगिता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय तिरसा स्थान और एमवीएम कॉलेज चौथे स्थान रहा है.

### चालक की लापरवाही से पलटा डंपर

**भोपाल.** कोलार थाना इलाके में एक तेज रफ्तार जा रहा डंपर पलट गया. इस हादसे में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है. घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है. शहर में नो एंट्री के समय डंफर के चलने की शिकायत थाने में की गई है. सर्वधर्म इलाके में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे यह हादसा हुआ था. शहर में भारी वाहनों का समय रात 11 बजे से सुबह के 6 बजे तक निर्धारित किया गया है. डंपर में कोपर भरा था और जब चालक इलाके में पहुंचा था, तब वाहन की रफ्तार ज्यादा थी. इसी लापरवाही के चलते डंपर एक दुकान से टकराने के बाद पलट गया.

# हिन्दू सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन




**भोपाल,27 दिसंबर.सकल हिन्दू समाज, नागनागेश्वर बस्ती के तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत शनिवार को नागनागेश्वर बस्ती में सम्मेलन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन एवं भूमिपूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ.**

यह कार्यक्रम ई-4 वंदे मातरम् चौराहे के समीप वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ. इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज के अंतर्गत आने वाले ई-4, ई-5, बघीरा और श्याम नगर मोहल्लों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन की रूपरेखा, उद्देश्य और व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया. सभी समाजजनों ने सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया. भूमिपूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति, संचालन समिति एवं संरक्षक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे. साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, समाजसेवी, धर्मप्रेमी बंधु एवं संत-महंतों की उपस्थिति रही.

> आयोजकों ने बताया कि सकल हिन्दू समाज द्वारा भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी 2026, रविवार को सायं 3 बजे भोपाल के विठ्ठल हाट मैदान में किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सहभागिता करेंगे. कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ. अंत में सकल हिन्दू समाज, नागनागेश्वर बस्ती की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों और समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

**शिविर** ▶ सेवा सदन के शिविर में 276 ड्राइवरों की आंखों और दांतों की जांच

# 54 ड्राइवरों की आंखों में दृष्टिदोष, 35 में मोतियाबिंद

**भोपाल, 27 दिसंबर. ए. डी. सी. पी. यातायात बसंत कौल ने शनिवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, यातायात पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से लोक परिवहन सेवाओं में कार्यरत ड्राइवरों के लिए नि:शुल्क दृष्टिदोष, नेत्र एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का शुभारम्भ किया.**



सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता के लिए 'परवाह' थीम पर आयोजित यह शिविर नादरा बस स्टैण्ड पर लगाया गया, जिसमें दृष्टिदोष एवं नेत्र व्याधियों से पीड़ित 276 ड्राइवरों ने अपनी आंखों व दांतों का परीक्षण कराया. जांच के दौरान 54 में दृष्टिदोष तथा 35 ड्राइवरों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए. सेवा सदन द्वारा कमजोर दृष्टि वाले 54 ड्राइवरों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा नेत्र रोगों से पीड़ित 240 ड्राइवरों को आवश्यक नि:शुल्क आई ड्रॉप्स दी गईं.

> स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम कुंदन ज्योति ने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है और सेवा सदन व यातायात पुलिस के साथ मिलकर भविष्य में भी ऐसे जन-उपयोगी कार्यों में सहयोग करता रहेगा. सेवा सदन के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने अस्पताल की सेवाओं एवं अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि सेवा सदन वर्षों से समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र सुरक्षा सेवाएं प्रदान कर रहा है. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अपनी दोगुनी क्षमता के साथ सेवा सदन नए भवन, एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर के पास स्थानांतरित होगा, जहां अत्याधुनिक तकनीक से नेत्र रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

इसके अतिरिक्त 12 ड्राइवरों को विस्तृत नेत्र परीक्षण के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में जांच कराने की सलाह दी गई. शिविर में ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की भी जांच की गई. इस अवसर पर बसंत कौल ने अपील की है कि लोक परिवहन सेवाओं में लगे ड्राइवरों को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए, क्योंकि दृष्टि कमजोर होने पर वाहन संचालन सुरक्षित नहीं रह जाता.

### लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नवीन चयन प्रक्रिया निरस्त

**भोपाल.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के नवीन चयन प्रक्रिया निरस्त किया गया है. उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट पिटिशन क्रमांक 36687/2025, रामकिशन सोनी एवं अन्य विरूद्व यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य संबंधित याचिकाओं में 18 दिसम्बर 2025 को आदेश पारित किया गया है. इस भर्ती विज्ञप्ति मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती के संबंध में बनायी गई. नवीन एस.ओ.पी. के अनुपालन में जारी की गयी थी, जिस एसओपी को न्यायालय के आदेश के द्वारा निरस्त कर दिया गया है.

# एसओई, एसओएम प्रवेश परीक्षा आठ फरवरी को

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 दिसंबर.स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और स्कूल ऑफ मेरिट में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है. यह परीक्षा मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी.**

परीक्षा का आयोजन प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर बनाए गए केंद्रों पर किया जाएगा. प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू होगी. इच्छुक विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 28 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकेंगे. परीक्षा 8 फरवरी को प्रात: आयोजित की जाएगी. परीक्षा का वास्तविक समय 10 बजकर 15 मिनट से 12 बजकर 15 मिनट तक रहेगा. विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा. परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं और अन्य सामग्री का संकलन किया जाएगा. नौ फरवरी को सामग्री जिला मुख्यालय पर पहुंचेगी. 10 फरवरी को संभागीय मुख्यालय पर और ग्यारह फरवरी को राज्य स्तरीय संकलन केंद्र पर सामग्री प्राप्त की जाएगी. इसके बाद स्कैनिंग और मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी तक तैयार किया जाएगा.